देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001
दिनांकः– 26 AUG 2020

क्रमांकः गोपनीय / 2020 / 1657
प्रति,
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या / निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर / धार / झाबुआ / खण्डवा / खरगोन / बड़वानी / बुरहानपुर / अलिराजपुर

स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं हेतु।

विषय :– सत्र 2019–20 की स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के तथा स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टार नियमित,स्वाध्यायी, भूतपूर्व एवं पूरक / एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों के सी.सी.ई. / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट अंक के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि सत्र 2019–20 की स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी ,भूतपूर्व पूरक एवं एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों के सी.सी.ई / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट के अंक महाविद्यालयों द्वारा कार्यालय के पत्र क्रमांक 1636 दिनांक 06 / 03 / 2020 अनुसार दिनांक 16 / 03 / 2020 तक एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजे जाने हेतु सूचित किया गया था। किंतु किसी कारण महाविद्यालयों ने अंक जमा नहीं किए है। तो अब दिनांक **27 / 08 / 2020 से दिनांक 05 / 09 / 2020** तक लिंक खुली रहेगी। अतः सुनिश्चित कर लेवे कि सभी कक्षाओं के सी.सी.ई. / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट के अंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवश्यक रूप से उक्त दिनांक तक जमा किये जा सकेंगे।उक्त समयावधि में उपरोक्त कार्य सम्पन्न किया जाना है। साथ में कॉलेज के अधिकृत व्यक्ति का फोन नम्बर तथा ई–मेल आय.डी. भी प्रायोगिक परीक्षा सेल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड इन्दौर को ई–मेल आय.डी.opcdavv@gmail.com पर ई–मेल करे। ऑनलाईन पर अंक प्राप्त नहीं होने पर विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रूकने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

नोट– अंकों की एक प्रति (हार्ड कापी) भी विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर सेंटर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड, इन्दौर पर आवश्यक रूप से प्रेषित किये जाना हैं। लिफाफे के ऊपर प्रायोगिक / आंतरिक परीक्षा अंक अंकित होना चाहिये।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 26 AUG 2020

पृष्ठांकन क्रमांक / गोपनीय / 2020 / 1657
प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र. शासन) इन्दौर
2. माननीय कुलपतिजी के सचिव, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर
3. विभागाध्यक्ष, कम्प्युटर सेन्टर, दे.अ.वि.वि., इन्दौर
4. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालयों की ओर इस आशय के साथ कि संबंधित महाविद्यालयों को अवगत कराये।
5. प्रभारी, प्रयोगिक परीक्षा सेल दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त कक्षाओं के अंक ऑनलाईन प्राप्त होने हेतु दिनांक 27 / 08 / 2020 से 05 / 09 / 2020 तक लिंक खोली जावें।
6. विभागाध्यक्ष आई.टी. सेन्टर तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अनिवार्यतः अपलोड करें।